हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, मंगलवार 10 फरवरी 2026

13 श्रीमद् भागवत महापुराण कलयुग में एक कल्पवृक्ष...



14 बिजली कर्मियों ने ऑनलाइन तबादला नीति का किया...



## खबर संक्षेप

### वर्क इंस्पेक्टर पद के लिए कौशल परीक्षा 21 को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विज्ञापन संख्या 02/2023 व 20/2023 के अंतर्गत विज्ञापित वर्क इंस्पेक्टर पद के लिए हुई लिखित परीक्षा के आधार पर सूचीबद्ध हुए अभ्यार्थियों की कौशल परीक्षा (प्रेक्टिकल) का आयोजन 21 फरवरी को होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार ने बताया कि वर्क इंस्पेक्टर पद के लिए कौशल परीक्षा (प्रेक्टिकल) 21 फरवरी को सुबह 10 बजे शिक्षण खंड-4 स्थित सिविल इंजीनियरिंग विभाग में होगी। कुलसचिव डा. विजय कुमार ने बताया कि इस कौशल परीक्षा (प्रेक्टिकल) के लिए संबंधित उम्मीदवार विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) परीक्षा तिथि से तीन दिन पहले डाउनलोड कर सकते हैं।

### नगर निगम ने 10 बेसहारा पशु पकड़े

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की टीम ने कैमरी रोड, आजाद नगर, सेक्टर 15 क्षेत्र से 10 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गौ-अभ्यारण भेज दिया गया है। नगर निगम की टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

### न्यू श्याम विहार और तारा नगर की लाइटें दुरुस्त कीं

**हिसार।** शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विकास एवं रिपेयरिंग से जुड़े कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। नगर निगम का प्रयास है कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध रहें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी कड़ी में न्यू श्याम विहार और तारा नगर क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर बंद स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त करवाया गया। कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी ने बताया कि तारा नगर और न्यू श्याम विहार के निवासियों की ओर से कुछ स्ट्रीट लाइटों के बंद होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने पर टीम को मौके पर भेजा गया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाया गया।

### बच्ची की मौत के मामले में ट्रक चालक गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने सड़क दुर्घटना के मामले में कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक कुलबीर सिंह ने बताया कि गांव पेटवाड़ में एक ट्रक चालक ने लापरवाही, गफलत एवं तेज गति से वाहन चलाते हुए शनिवार को 6 वर्षीय बच्ची हिमांशु को ट्रक के नीचे कुचलकर मौके से भाग गया था। इससे बाद लड़की की मौत हो गई थी। पुलिस ने लड़की के पिता के बयान पर थाना नारनौंद में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित पेटवाड़ निवासी मनोज को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से ट्रक भी बरामद कर लिया गया है।

### आधुनिक कृषि यंत्रों पर 50 फीसदी तक अनुदान

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हिसार द्वारा किसानों को खेती में आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 के दौरान स्मैम योजना के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 फरवरी निर्धारित की गई है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उपकृषि निदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 25 प्रकार के आधुनिक कृषि यंत्रों एवं मशीनों पर अनुदान का लाभ दिया जाएगा।

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अफसरों का अजीबो गरीब कारनामा

# तैयार भवन पर शिलान्यास का पत्थर लगा करवाया उद्घाटन मंत्री जी को भी दिखाई नहीं दी बिल्डिंग, बस काट दिया फीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हाल ही में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का अजीबोगरीब कारनामा सामने आया है। अधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से ऐसे भवन का शिलान्यास करवाया है, जो काफी समय पहले बनकर तैयार हो चुका है।

यह चूक मंत्री ने भी नहीं देखी और अधिकारियों के दिखाए रास्ते पर चलते बिल्डिंग का शिलान्यास कर डाला और क्षेत्र के पार्षद व समर्थक इस शिलान्यास पर ताली बजाते नजर आए। विभाग के अधिकारियों का यह कारनामा शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।









हिसार। भवन का शिलान्यास करते मंत्री रणबीर गंगवा और ताली बजाते पार्षद , बिल्डिंग पर लगाया शिलान्यास पत्थर व एचएसवीपी अधिकारियों द्वारा हटाया गया शिलान्यास लिखा पत्थर।

### किसी ने नहीं दिया ध्यान, पार्षद-समर्थक बजाते रहे तालियां

हुआ यूं कि हाल ही में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने एचएसवीपी के अधीन 13.91 करोड़ की एक परियोजना का उद्घाटन किया था। इसके तहत सेक्टर-1 एवं 4, सेक्टर-3 एवं 5 तथा मिल गेट क्षेत्र में वर्षा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। खास बात यह है कि मंत्री ने जिस परियोजना का उद्घाटन किया, अधिकारियों ने उसका पत्थर शिलान्यास का लगवा दिया। बनी हुई बिल्डिंग का उद्घाटन की बजाय शिलान्यास पत्थर न तो मंत्री ने ध्यान किया, न अधिकारियों ने और न ही क्षेत्र के पार्षदों ने। ये सभी केवल यह परियोजना मिलने पर ताली बजाते नजर आए। खास बात यह है कि अधिकारियों ने भी चार दिनों तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया लेकिन जब उनसे इस बारे अधिकारियों से बात की गई तो वे अपनी लापरवाही हो दबाते नजर आए। उन्हें इस बात का जरा भी अफसोस नहीं लगा कि उन्होंने मंत्री के सामने कितनी बड़ी गलती की है।

### हटवा दिया है पत्थर, गलती ठीक करवा कर लगवा देंगे

इस संबंध में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता भूपेन्द्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार कि यह गलती हुई है। पत्थर गलती से शिलान्यास का लग गया, जबकि लगना उद्घाटन का चाहिए था। गलती को ठीक करते हुए शिलान्यास लिखे पत्थर को हटवा दिया गया, जल्द ही उसकी जगह उद्घाटन लिखा पत्थर लगवा दिया जाएगा।

## झज्जर से आ रहे थे लाखन माजरा, मुंढाल के पास कैंटर ने मारी कार को टक्कर

# दोस्त की शादी में शामिल होने आ रहे दो युवकों की हादसे में मौत, एक गंभीर

- रोहतक से लाखन माजरा जाने की बजाय रास्ता भटकने से राजमार्ग पर हिसार की तरफ निकले
- झज्जर के सचिन और सिलोनी निवासी विकास और के रूप में हुई मृतकों की पहचान, रोहतक का रहने वाला है घायल युवक तुषार







हांसी। हादसे के बाद दुर्घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त कैंटर और कार व नागरिक अस्पताल में परिजनों के बयान दर्ज करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मुंढाल फ्लाईओवर के समीप रविवार रात को हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलने पर सोरखी पुलिस चौकी मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी को नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया जबकि एक नाबालिग की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मृतकों की पहचान झज्जर के गांव सिलोनी निवासी 30 वर्षीय विकास और झज्जर निवासी 31 वर्षीय सचिन के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक की पहचान रोहतक निवासी 16 वर्षीय तुषार के रूप में हुई है।

पुलिस ने मृतक विकास व सचिन के परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने व गैर-इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल राजेश कुमार ने बताया कि विकास व सचिन अपने भांजे विकास के साथ झज्जर से अपनी कार में सवार होकर अपने एक मित्र के चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए लाखन माजरा गांव जा रहे थे, लेकिन रोहतक से लाखन माजरा जाने की बजाय रास्ता भटकने के कारण वे राजमार्ग पर हिसार की तरफ निकल आए।

### यू टर्न लेते वक्त हादसा

मुंढाल फ्लाईओवर के समीप पहुंचने पर उन्हें अहसास हुआ कि वे गलत रास्ते पर आ गए हैं और जब उन्होंने यूटर्न लेने का प्रयास किया तो इसी दौरान मुंढाल गोशाला के पास हिसार की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए तथा कार में सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर लगने के बाद दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद रोहतक की ओर से आ रही एक सरकारी एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को हांसी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायल तुषार की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद उसे पहले हिसार उसके बाद रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। परिजनों ने बताया कि विकास दो छोटे छोटे बच्चों का पिता था, जबकि सचिन का दो महीने का बेटा है।

# खरबला में विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दी

## पुलिस ने मौका मुआयना कर शुरू की जांच

- पिता ने लगाया परेशान करने का आरोप, सीन ऑफ क्राइम की टीम ने पहुंचकर जुटाए साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

खरबला गांव में एक विवाहिता ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम ने पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाए। डीएसपी देवेंद्र सिंह नैन ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जिला जींद के गांव मालवी निवासी मृतका के पिता धर्मबीर ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी 25 वर्षीय मोहिता की शादी वर्ष 2017 में गांव खरबला निवासी कुलदीप के साथ हुई थी। शादी के उसने दो लड़कियों को जन्म दिया। एक लड़की छह साल की और दूसरी तीन साल की है। पिता ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को काफी तंग किया जाता था। काफी बार उनको समझाने की कोशिश भी की लेकिन उसके साथ अक्सर झगड़ा करके तंग किया जाता रहा। वे पैसों की भी मांग करते थे। सोमवार की सुबह हमें सूचना मिली कि मोहिता ने फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है। इसकी सूचना पुलिस को दे दी है। सूचना मिलते ही डीएसपी देवेंद्र सिंह नैन और बास थाना प्रभारी बलवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम को भी बुलाया गया उन्होंने जरूरी साक्ष्य जुटाए। उसके बाद मोहिता के शव को कब्जे में लेकर हांसी के सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां पर डॉक्टरों के बोर्ड से उनका पोस्टमार्टम करवा जाएगा।

बास थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतका के पिता के बयान लिए गए हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही हैं। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के मामले में दो युवक दबोचे, कई वारदातें कबूलीं

- आरोपितों पर अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

पिछले काफी दिनों से क्षेत्र के खेतों में अज्ञात चोरों द्वारा ट्यूबवेल की बिजली की तारों को काटकर चोरी किए जाने के कई घटनाएं सामने आ चुकी है। बार-बार हो रही घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने चोरों को पकड़ने के खिलाफ अभियान चलाया। आखिरकार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चोरी के करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की तो काफी गांवों में चोरी की वारदातें कबूलीं। दोनों आरोपितों को कोर्ट में पेश दो दिन रिमांड पर लिया गया है।

डीएसपी देवेंद्र नैन ने बताया कि शिकायतकर्ता सोनू निवासी भैणी अमीरपुर ने अपने फार्म हाउस से इन्वर्टर व बैटरियां चोरी होने संबंधी शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर थाना नारनौंद में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए माढ़ा निवासी पवन तथा कबाड़ी का काम करने वाले प्रवीन निवासी अमरेड़ी जिला जींद को गिरफ्तार किया। दोनों से पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की वारदातों को कबूला बताया कि नारनौंद, बुडाना, भैणी अमीरपुर और राखी शाहपुर के खेतों से ट्यूबवेल के तार चुराए। चोरी की वारदात के बाद चोरी की हुई डोरी को जलाकर उसमें से तांबा निकाल कर प्रवीण को बेच देता था।

प्रवीण वारदात की जगह पर ही गाड़ी लेकर पहुंच जाता था और उसमें चोरी का सामान डालकर दिल्ली में बेच देता था। दोनों आरोपितों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया।

# काम करके घर जा रहे किशोर पर चाकू से किया हमला, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के सूर्य नगर क्षेत्र में रविवार देर रात एक 16 वर्षीय नाबालिग पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल किशोर को डायल 112 की टीम ने तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घायल मानव सूर्य नगर की गली नंबर 11 का निवासी है। वह मिराज सिनेमा में सफाई का काम करता है। रविवार रात करीब 8:30 बजे वह काम से लौट रहा था। जब वह सूर्य नगर की गली नंबर-8 में पहुंचा, तो जानकार युवक ने उसे एकांत में बुलाया। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

घायल ने बताया कि कुछ ही देर में 10-12 युवक मौके पर इकट्ठा हो गए और उसे घेरकर पीटने लगे। इसी दौरान एक युवक ने उस पर चाकू से वार कर दिया। मानव के अनुसार, हमलावरों में से एक के पास पिस्टल भी थी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया।, नाबालिग की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# निगम और बीएंडआर की टीम ने रेलवे रोड से हटवाए कब्जे व शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। अभियान का उद्देश्य मुख्य मार्गों व मार्केट में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करना और आम नागरिकों को होने वाली परेशानी से राहत दिलाना।

इस दौरान कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, ताकि अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग हो।

सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि सोमवार को अभियान की शुरुआत बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाकर की गई। टीम ने इसके बाद सिरसा रोड चुंगी से अतिक्रमण हटवाया। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट व बिश्नोई मंदिर मार्केट से अतिक्रमण हटवाया। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बीएंडआर ने रेलवे रोड पर दुकान के बाहर लगे शैडों को हटाया वहीं नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटवाया। इसके बाद टीम ने ने एमसी डीसी कॉलोनी मार्केट में अतिक्रमण हटवाया।



हिसार। अतिक्रमण को गिराती जेसीबी।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई दंपति घायल, बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अग्रोहा क्षेत्र के गांव नंगथला में एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार दंपती व उनका ढाई माह का बच्चा घायल हो गया। घायलों को निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। अग्रोहा थाना के जांच अधिकारी विक्रम ने बताया कि राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के गांव छानीबड़ी निवासी संदीप अपनी पत्नी रविना व ढाई माह के लड़के रिहान के साथ अपनी ससुराल पनिहारी आया था। रविवार को वह ऑल्टो कार में सवार वापस राजस्थान जा रहा था। रविवार सायं वह नंगथला के पास पहुंचे तो अचानक संदीप को चक्कर आ गया। इससे वह कार से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। सूचना पाकर डायल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण उसे हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस हादसे में रवीना के पैरों में चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**राहत** | कैबिनेट मंत्री ने 28.11 करोड़ की बरसाती पानी निकासी परियोजना का किया शिलान्यास

# आजाद नगर क्षेत्र को जलभराव से मिलेगी निजात

- लगभग 500 एकड़ क्षेत्र को कवर, 600 केवीए क्षमता के दो जनरेटर भी होंगे स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



### डिस्पोजल प्वाइंट पर पंपों की क्षमता बढ़ेगी

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि लघु सचिवालय स्थित बरसाती पानी के डिस्पोजल प्वाइंट पर पंपों की क्षमता 16 क्यूसेक से बढ़ाकर 60 क्यूसेक की जाएगी, जिससे पटेल नगर, जवाहर नगर एवं ग्रीन पार्क क्षेत्र में भी जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से आजाद नगर क्षेत्र में वर्षा के दौरान होने वाले जलभराव से मुक्ति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश को आधुनिक बुनियादी ढांचे से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को आजाद नगर क्षेत्र में लगभग 28.11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली बरसाती जल निकासी परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। इस परियोजना के माध्यम से आजाद नगर क्षेत्र के लगभग 500 एकड़ क्षेत्र को कवर किया जाएगा।

बरसात के मौसम में होने वाले जलभराव से निजात दिलाने के उद्देश्य से इस योजना को तैयार किया गया है। परियोजना के अंतर्गत विभिन्न आकारों की लगभग 14 किलोमीटर लंबी आरसीसी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही बरसाती पानी की निकासी के लिए 8 पंप स्थापित किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक पंप की क्षमता 18 हजार 500 लीटर प्रति मिनट होगी।

पानी के संग्रहण के लिए एक टैंक के निर्माण के साथ-साथ पंपों के संचालन के लिए पंप हाउस भी बनाया जाएगा। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में पंपों के निर्बाध संचालन के लिए 600 केवीए क्षमता के दो जनरेटर भी स्थापित किए जाएंगे।

पंपों के माध्यम से निकाला गया बरसाती पानी 800 मिमी साइज की डीआई पाइप लाइन की दो लाइनों के जरिए हिसार मल्टीपरपज ड्रेन में डाला जाएगा, जिनकी कुल लंबाई लगभग 5200 मीटर होगी। इस अवसर पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, पार्षद सत्यवान पान्नू, पार्षद गुलाब धानक, मंडल अध्यक्ष सुमन कस्वां, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, चेयरमैन अजय गावड़, सरपंच भगवान दास, चेयरमैन महेंद्र, जोगीराम खुंडिया, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, वाइस चेयरमैन सुरेंद्र, साधु राम, दलीप फौजी आदि मौजूद थे।

## तहसीलदार-नायब तहसीलदार हड़ताल पर

# एसडीएम अवकाश पर, डीआरओ भी नहीं आए, भटकते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

द हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन के आह्वान पर जिलेभर में सोमवार को भी तहसीलदार और नायब तहसीलदार पेन-डाउन हड़ताल पर रहे। बता दें कि 5 फरवरी से प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व अधिकारियों पर की निलंबन जैसी की जा रही कार्रवाई के विरोध में पेन डाउन हड़ताल पर चल रहे हैं। हड़ताल के कारण तहसीलों में रजिस्ट्री, इंतकाल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों के कार्य प्रभावित है। उधर, लोगों को हो रही परेशानियों के चलते सरकार ने जिला राजस्व अधिकारी व एसडीएम को रजिस्ट्री कार्य सुचारू करने के निर्देश दिए थे, लेकिन हिसार एसडीएम आज अवकाश पर थी, जबकि फतेहाबाद डीआरओ के पास ही हिसार डीआरओ का चार्ज थी, वे भी हिसार नहीं आए। ऐसे में सोमवार को रजिस्ट्री कार्य पूरी तरह से प्रभावित रहा। हिसार व हांसी जिला की अलग-अलग तहसीलों तथा सब तहसीलों में रोजाना 100 से 150 रजिस्ट्रियां होती है, मगर अब रजिस्ट्रियों की रफ्तार पूरी तरह से बंद पड़ी है। पेन डाउन हड़ताल के कारण करीब 400 रजिस्ट्रियां अटकने से सरकार का करोड़ों का राजस्व प्रभावित हुआ है।



वैलेंटाइन-डे विशेष

वैलेंटाइन-डे पर जब प्रेम की बात होती है, तो इसके मायने प्राय: रोमांस तक सीमित रह जाते हैं। जबकि प्रेम के बहुत व्यापक अर्थ हैं, रुमानी जज्बातों से बहुत ऊपर। विशेष तौर पर स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत उदात्त हैं। इसमें स्त्री का अवदान अमूल्य है, अनुपम है। स्त्री के संदर्भ में प्रेम के मायने शाश्वत हैं।

# स्त्री के लिए प्रेम के मायने

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

जब प्रेम, शब्दों से पहले व्यवहार बन जाए, जब वह कहने से ज्यादा करने में दिखे, तब वहां स्त्री मन उपस्थित होता है। स्त्री का प्रेम कोई क्षणिक भाव नहीं होता, वह एक निरंतर चलने वाली कोमल प्रक्रिया है, जिसमें धैर्य, समर्पण, समझ और सहनशीलता एक साथ ध्वनित होती है। स्त्री मन प्रेम को मां की ममता में जीता है, पत्नी की जिम्मेदारी निभाता है और बहू के रूप में संतुलन बनाकर चलता है। स्त्री का प्रेम केवल पाने की इच्छा नहीं रखता, बल्कि देने की क्षमता से भरा होता है। वह प्रेम को शर्तों में नहीं बांधती, बल्कि परिस्थितियों के साथ ढाल लेती है। एक स्त्री जब प्रेम करती है, तो वह सामने वाले के स्वभाव को समझने का प्रयास करती है। वह उसकी चुप्पी भी पढ़ लेती है, उसके गुस्से के पीछे की वजह को पहचान लेती है। स्त्री मन का प्रेम केवल भावनात्मक नहीं होता, वह व्यावहारिक भी होता है। वह जानती है कि कब बोलना है, कब चुप रह जाना ही प्रेम को बचा सकता है।

**प्रेम में त्याग करती है स्त्री:** घर के भीतर हो या काम-काज में, स्त्री का प्रेम सबसे अधिक दिखाई देता है। सुबह की पहली चिंता से लेकर रात की आखिरी तैयारी तक, प्रत्येक काम में उसका प्रेम घुला-मिला होता है। वह भोजन बनाते समय यह सोचती है कि किसे क्या पसंद है, किसे क्या नहीं? वह बीमार सदस्य की नींद का ख्याल रखती है। बच्चों के डर को अपनी हिम्मत से निडर बनाने का प्रयत्न करती है। स्त्री मन का प्रेम त्याग से जुड़ा होता है फिर भी त्याग बोझ नहीं बनता। स्त्री इसे अपने अस्तित्व का हिस्सा बना लेती है।

**प्रेम को सहज बनाती है स्त्री:** कई बार स्त्री अपनी इच्छाओं को पीछे रख देती है, क्योंकि उसके लिए प्रियजनों की खुशी अधिक महत्वपूर्ण होती है। वह यह नहीं जताती कि उसने क्या छोड़ा, क्योंकि उसका प्रेम दिखावे का नहीं होता। समाज अकसर स्त्री के प्रेम को उसका कर्तव्य कहकर सीमित कर देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि स्त्री प्रेम को चुनती है। वह हर दिन दूसरे की खुशी चुनती है, समझना, सहना, संभालना और जीवन में प्रवाहित रहना। यह चयन आसान नहीं होता, फिर भी स्त्री इसे सहज बना लेती है।



**स्त्री का प्रेम रिश्तों को जोड़ता है:** स्त्री मन का प्रेम रिश्तों को जोड़ने का काम भी करता है। टूटते संवाद, बिगड़ते संबंध, अनकहे मतभेद, इन सबके बीच वह सेतु बनती है। वह जानती है कि हर रिश्ते में जीतना जरूरी नहीं, कई बार रिश्तों को निभाना ज्यादा जरूरी होता है।

**स्त्री देती है प्रेम को नया अर्थ:** प्रेम में स्त्री की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संवेदनशीलता है। वह भावनाओं को हल्के में नहीं लेती। किसी के शब्दों का असर, किसी की चुप्पी का कारण, वह सब महसूस करती है। यही संवेदनशीलता उसे मजबूत बनाती है, कमजोर नहीं। हालांकि स्त्री मन का प्रेम अकसर परीक्षा में डाला जाता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह हर हाल में समझे, हर परिस्थिति में समायोजन करे। उसकी सहनशीलता को उसकी सीमा समझ लिया जाता है, लेकिन स्त्री का प्रेम असीम नहीं होता। उसे भी सम्मान, अपनापन और समझ की आवश्यकता होती है। जब स्त्री मन को प्रेम के बदले प्रेम मिलता है, तो वह और निखर जाता है। जब उसकी भावनाओं को सुना जाता है, उसकी थकान को पहचाना जाता है, तो वह और अधिक देने में सक्षम होती है। स्त्री का प्रेम तब खिलता है, जब उसे केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में देखा जाता है। मां के रूप में स्त्री, प्रेम को सुरक्षा में बदल देती है। वह बच्चों के लिए ढाल बन जाती है। पत्नी के रूप में वह प्रेम को साझेदारी बनाती है। और बेटी के रूप में वह प्रेम को विश्वास से जोड़ती है।

**स्त्री के लिए प्रेम का अर्थ बहुत व्यापक है:** स्त्री मन प्रेम में पूर्णता नहीं ढूंढ़ता, वह संतुलन ढूंढ़ता है। वह जानती है कि हर इंसान अपूर्ण है, फिर भी वह उसे स्वीकार करना सीखती है। यही स्वीकार्यता उसके प्रेम को गहराई देती है। आज के समय में जब रिश्ते जल्दी टूट जाते हैं, स्त्री मन का प्रेम उन्हें थामे रखने का प्रयास करता है। वह संवाद बनाए रखने की कोशिश करती है, समझौते को हार नहीं मानती। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, साथ चलना, चाहे रास्ता कठिन क्यों न हो। लेकिन यह भी जरूरी है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल अवदान के रूप में न देखा जाए, बल्कि एक साझेदारी के रूप में समझा जाए। जब प्रेम एकतरफा होता है, तब वह प्रेम कम, बोझ ज्यादा बन जाता है, तब वह मन को थकाने लगता है। स्त्री का प्रेम तब सबसे सुंदर होता है, जब उसे लौटकर भी उतनी ही संवेदना मिले।

**निरंतर निभाए जाने वाला उत्तरदायित्व:** यह समझना आवश्यक है कि स्त्री मन का प्रेम केवल एक भाव नहीं, बल्कि एक निरंतर निभाया जाने वाला उत्तरदायित्व है। वह प्रेम को शब्दों में नहीं तौलती, बल्कि उसे जीवन के हर छोटे-बड़े क्षण में जीती है। उसकी उपस्थिति से रिश्तों में स्थिरता आती है। घर में संतुलन बना रहता है और जीवन की कठिनाइयां कुछ आसान लगने लगती हैं। स्त्री मन प्रेम में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वह स्वयं को भूल जाना चाहती है। स्त्री भी चाहती है कि उसके भावों को समझा जाए, उसकी चुप्पी को सुना जाए और उसकी थकान को पहचाना जाए।

**प्रेम में स्त्री का अमूल्य योगदान:** प्रेम के अवदान में स्त्री मन का योगदान अमूल्य होता है। वह प्रेम को जीती है, निभाती है और सहेजती है। वह प्रेम को केवल महसूस नहीं करती, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी में उतारती है। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, लेकिन उसकी उपस्थिति से जीवन में स्थिरता आती है। वह बिना कहे बहुत कुछ दे जाता है, और यही उसका सबसे बड़ा अवदान है, प्रेम को जीवन का आधार बना देना।



## जीवन को मानवीय बनाता है प्रेम

**आज आवश्यकता** इस बात की है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल त्याग की कसौटी पर न परखा जाए। उसे साझेदारी, संवाद और समान भावनात्मक सहयोग की जरूरत है। प्रेम तब ही पूर्ण होता है, जब वह एकतरफा नहीं, बल्कि दो मनों की साझा यात्रा बन जाए। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, वह दिखावा नहीं करता। वह चुपचाप जीवन को थामे रखता है। वही प्रेम रिश्तों को टूटने से बचाता है, वही प्रेम जीवन को मानवीय बनाता है। और यही स्त्री मन का सबसे बड़ा अवदान है कि वह प्रेम को जीने की कला सिखाता है, बिना शर्त, बिना अपेक्षा, बस पूरी आत्मीयता के साथ।

# आप भी जरूर मनाएं प्रेम का यह उत्सव

अधिकांश मैरीड कपल्स मानते हैं कि वैलेंटाइन-डे का क्रेज शादी से पहले तक ही रहता है। जबकि आपसी जुड़ाव में प्रगाढ़ता लाने के लिए प्रेम का यह उत्सव हर दंपति को भी जरूर मनाना चाहिए।

दांपत्य

पूर्ति खरे



फरवरी माह की 14 तारीख यानी वैलेंटाइन-डे केवल लविंग कपल्स के लिए ही नहीं, पति-पत्नी के लिए भी किसी पर्व से कम नहीं है। वास्तव में पति-पत्नी का रिश्ता गहरा, मजबूत और जीवन भर का बंधन होता है, जो प्रेम, विश्वास और आपसी समझ पर ही आधारित होता है। यह रिश्ता न केवल दो लोगों को जोड़ता है, बल्कि दो परिवारों को भी एक साथ लाता है। इसलिए इस खास दिन आप अपने प्यार और विश्वास को एक-दूसरे के प्रति व्यक्त कर सकते हैं। इसके लिए आप कुछ तरीके अपना सकते हैं।

**रोमांटिक डिनर:** पति-पत्नी इस अवसर पर एक साथ रोमांटिक डिनर का आनंद ले सकते हैं। आप अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जा सकते हैं या घर पर ही रोमांटिक डिनर अरेंज कर सकते हैं।



**लवली ट्रिप:** वैलेंटाइन-डे को स्पेशल बनाने के लिए कहीं बाहर ऐसी जगह घूमने जा सकते हैं, जहां बस आप दोनों हों। इसके लिए किसी सुंदर नेचुरल प्लेस को चुनें, जैसे कि समुद्र तट, हिल स्टेशन या नेशनल पार्क या ऐसी ही कोई जगह। रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से दूर एक-दूजे के साथ बिताया गया यह समय न केवल प्यारा अहसास देगा, आपके लिए हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा।

**मूवी नाइट:** पति-पत्नी प्यार के इस खास अवसर पर एक साथ मूवी नाइट का आनंद ले सकते हैं। आप अपनी कोई पसंदीदा मूवी अपने लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं। साथ में बैठकर पॉपकॉर्न का आनंद लेते हुए फिल्म देखना आपको बहुत खुशी देगा। निश्चित तौर पर साथ बिताया यह समय आपके रिश्ते को एक नई उमंग से भर देगा।

**म्यूजिक कॉन्सर्ट:** किसी म्यूजिक कॉन्सर्ट में जाकर पति-पत्नी एक साथ इस खास दिन संगीत का आनंद ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने घर पर ही अपने पसंदीदा रोमांटिक गीतों को सुन सकते हैं और साथ में डांस भी कर सकते हैं। यकीन मानिए प्रेम भाव से भरे हुए गाने आप दोनों के भीतर प्यार का नया अहसास भर देंगे।

**इनका भी रखें ध्यान:** आप वैलेंटाइन-डे के अवसर पर यहां बताए गए आइडियाज पर तो अमल करें ही साथ ही कुछ और बातों का भी हमेशा यानी हर रोज ध्यान रखें तो आपका प्यार कभी कमजोर नहीं होगा।

- पति-पत्नी को हर रोज एक-दूसरे को कुछ समय जरूर देना चाहिए। आप एक-दूसरे के साथ समय बिताने के दौरान अपने विचारों और मन की बातों को साझा कर सकते हैं।
- आत्मीय बातचीत के दौरान पति-पत्नी को केवल अपनी बात कहनी ही नहीं चाहिए पार्टनर की बात सुननी भी चाहिए। आप एक-दूसरे की समस्याओं को न केवल ध्यान से सुनें, उसका समाधान निकालने का भी प्रयास जरूर करें।
- एक-दूसरे को अगर आप प्यार करते हैं तो अपने जज्बात बयां करने से भी नहीं नहीं झिझकें। अपनी भावनाएं बयां करने से प्यार और प्रगाढ़ होता है।
- पति-पत्नी को एक-दूसरे का साथ हर जगह देना चाहिए। एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करने की भी हर संभव कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों में गलतियां सभी से होती रहती हैं। ऐसे में पति-पत्नी को एक-दूसरे को माफ करना भी आना चाहिए। इससे अपने जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान बढ़ता है। इसलिए एक-दूसरे की छोटी-छोटी कमियों को नजरअंदाज करें और प्यार के इस रिश्ते को प्रगाढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ें।

भले ही आज सोशल मीडिया और इंटरनेट के दौर में दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति से रिलेशन बनाना ईजी हो गया है, लेकिन नई पीढ़ी का एक वर्ग अपने आस-पास के व्यक्ति से ही डेटिंग-लव रिलेशन को इंपॉर्टेंस देने लगा है। इस जिप-कोड डेटिंग के कई फायदे हैं तो कुछ कमियां भी हैं। इनके बारे में आप भी जानें।

# न्यू जेनरेशन को भा रहा जिप-कोड डेटिंग ट्रेंड

न्यू ट्रेंड

दीपिका शर्मा

आज के तेज रफ्तार वाले डिजिटल दौर में, जहां हम दुनिया भर के लोगों से सेकेंडों में कनेक्ट हो सकते हैं, वहीं प्यार की दिशा थोड़ी विपरीत दिशा में घूमती दिख रही है। आज की युवा पीढ़ी लंबी दूरी के रोमांस की जगह अपने आस-पड़ोस में ही साथी खोजने को तरजीह दे रही है। इसे ही कहा जा रहा है जिप-कोड डेटिंग यानी मोहब्बत की तलाश अब चैट एप्स पर नहीं, बल्कि अपने आस-पास के गली, मोहल्ले और पोस्टल कोड की सीमाओं में हो रही है। रिश्तों की यह वापसी पुराने स्कूल-डेज वाली फीलिंग देती है, जहां मोहब्बत रोज मिलने की मुस्कान और बार-बार दिखने वाले चेहरे से पनपती थी।



**निकटता बनाती है आकर्षक:** जिप-कोड ट्रेंड की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह सुविधा और कनेक्शन दोनों का सुंदर मिश्रण है। पहले लोग प्रेम-पत्र लिखकर महीनों तक जवाब का इंतजार करते थे, आज रिप्लाई मिनटों में मिलता है और मिलने का प्लान तो कुछ कदम चलकर भी पूरा हो सकता है। यही निकटता इसे और भी आकर्षक बनाती है। रोज चलते हुए वही चेहरा नजर आना, बस स्टैंड पर एक ही बस का इंतजार करना, सब्जी मंडी में अनजाने में टकराना, ये छोटे-छोटे क्षण दिल में पहचान और फिर विश्वास का बीज बो देते हैं। यही पहचान धीरे-धीरे अपनापन बनाती है। कभी-कभी यह रिश्ता गहरे संग-साथ यानी साथ निभाने वाले संबंध में बदल जाता है।



**इस नए ट्रेंड के फायदे:** जिप-कोड ट्रेंड का सबसे पहला फायदा तो यही है कि पास रहना मतलब आसान पहुंच। न लंबी दूरी, न समय की बाधा, जब चाहें मिल सकें, बातचीत हो सके। इससे कम्युनिकेशन सहज रहता है और गलतफहमी कम होने की संभावना रहती है।

दूसरा लाभ, खर्च और मेहनत दोनों बचते हैं। दूर रहने वाले रिश्तों में समय और पैसे दोनों अधिक लगते हैं, जबकि जिप-कोड डेटिंग में यही संसाधन क्वालिटी टाइम में बदले जा सकते हैं। तीसरा फायदा यह है कि साझा परिवेश, रिश्ते को एक मजबूत नींव देता है। समान इलाके, समान भाषा, समान जीवनशैली यह कंपैटेबिलिटी को बढ़ाती है। परिवार के लोग भी ऐसे रिश्तों को जल्दी स्वीकार कर लेते हैं, क्योंकि सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में फर्क कम होता है। साथ ही पास रहने से सुरक्षा और कंफर्ट जोन दोनों बढ़ते हैं। जिप-कोड का ट्रेंड केवल पढ़ने-सुनने में ही अच्छा नहीं लगता है बल्कि लॉजिकल भी लगता है। दरअसल, आप उनके साथ आसानी से जुड़ सकते हैं, जो आपके जैसी लाइफस्टाइल जीते हैं।

**होते हैं कुछ रिस्क भी:** जिप-कोड रिलेशन में जहां आपसी दूरी कम होती है तो वहां पर्सनल स्पेस भी कम हो सकता है। पड़ोसियों की नजरें, समाज की बातें, प्राइवेसी में सेंध, ये सब इस रिश्ते के पनपने की राह में सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। रिश्ता निभ गया तो पूरा इलाका खुश, पर अगर खटास आई तो रोज सामना होना ही भारी लग सकता है। साथ ही, चुनाव का दायरा सीमित होना भी एक कमी है। हम वही चुनते हैं, जो आस-पास विकल्प में हो, न कि वह जो व्यक्तित्व या अहमियत से ज्यादा मेल खाए। यानी, सिर्फ दिल मिलना नहीं, एक-दूसरे के बीच की दूरी भी मायने रखती है। यह आपकी लेजीनेस पर्सनालिटी को भी दर्शाता है। साथ ही यह भी साबित करता है कि रिस्क लेने की क्षमता का आपमें अभाव है। आप चैलेंज लेने से डरते हैं, क्योंकि आपको लगता है कि किसी दूसरे को समझने में, जानने में और ढूंढ़ने में समय लगेगा, इसलिए अपने आस-पास जो है, उसी से काम चलाओ। यानी, जिप कोड एटिट्यूड जितना सरल लगता है, लंबी अवधि में उतने ही नेगेटिव इंपैक्ट भी दिखता है।

# दमकेगा आपका ऐसा रूप पार्टनर हो जाएंगे फिदा

मेकअप

निधि गोयल

वैलेंटाइन-डे के खास मौके पर आप जरूर चाहेंगी कि आपका लुक स्पेशल नजर आए, आपके पार्टनर आप पर फिदा हो जाएं तो इसके लिए आपको यहां बताए जा रहे मेकअप के स्टेप्स फॉलो करने होंगे। इससे आपका मेकअप अट्रैक्टिव के साथ ग्लोइंग भी नजर आएगा। आइए जानते हैं, आप किस तरह अपने मेकअप को परफेक्ट लुक दे सकती हैं।

**स्किन को करें क्लीन:** सबसे पहले जरूरी है कि आप अपनी स्किन को अच्छे फेसवॉश से क्लीन करें। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जिससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहे क्योंकि स्किन का सॉफ्ट और हाइड्रेट रहना भी बेहद आवश्यक है। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे आपका मेकअप ज्यादा समय तक टिका रहेगा और स्किन स्मूद और क्लीन नजर आएगी।

**फाउंडेशन का करें यूज:** क्लीनिंग के बाद आपको अपनी स्किन टोन से मैच करते हुए फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। फाउंडेशन को स्पंज या ब्रश की सहायता से ब्लेंड करें, जिससे यह स्किन पर अलग से लगा हुआ नजर नहीं आएगा। इससे आपकी स्किन को ग्लोइंग लुक मिलेगा।



**नेचुरल कलर का ब्लशर:** फेस स्किन पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करने के बाद गालों पर ब्लश अप्लाई करें। इसके लिए पिंक और पीच कलर के ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे गालो को नेचुरल लुक मिलेगा और आपका मेकअप भी ग्लोइंग नजर आएगा। ब्लशर में आप क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे स्किन को बेहद ताजगी भरा लुक मिलता है।

**ऐसे करें आइज मेकअप:** आंखों का मेकअप जब भी करें तो ध्यान रखें कि आपको बहुत ज्यादा हैवी मेकअप नहीं करना है क्योंकि दिन में आप किसी पार्टी में या अपने पार्टनर के साथ घूमने जा रही हैं तो थोड़ा सॉफ्ट मेकअप ही अट्रैक्टिव लगता है। इसके लिए आपको आंखों पर लाइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करना सही रहेगा। आंखों पर अपनी ड्रेस से मैच करते हुए शेड का इस्तेमाल आप कर सकती हैं। साथ ही आईलाइनर को डिफरेंट तरीके से लगा सकती हैं। इसके बाद मस्कारा या काजल का इस्तेमाल भी करें।

**लिक्विड हाइलाइटर:** मेकअप पूरा होने के बाद हाइलाइटर का इस्तेमाल जरूर करें। इससे स्किन पर ग्लो आता है। हाइलाइटर का इस्तेमाल करें तो उसे गालों, नाक की हड्डी और माथे पर लगाएं, जिससे आपको नेचुरल ग्लोइंग लुक मिलेगा। परंतु ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा मात्रा में हाइलाइटर नहीं लगाएं।

**होंठों को दें ग्लॉसी लुक:** जब आप मेकअप कंप्लीट कर लेती हैं, तो बारी आती है होंठों को अट्रैक्टिव बनाने की। इसके लिए आप होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल करें, क्योंकि नेचुरल कलर के ग्लॉस ज्यादा अच्छा लुक देते हैं। इन्हें लगाने से आपका पूरा मेकअप निखर जाएगा।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

गिफ्ट के जरिए हम अपने किसी प्रिय को अपनी फीलिंग्स प्रकट करते हैं। बात जब वैलेंटाइन-डे पर गिफ्ट देने की हो तो यह और भी मायने रखता है। इसीलिए हम कुछ यूनीक गिफ्ट आइटम्स के बारे में बता रहे हैं।

# आपके पार्टनर को आएंगे पसंद ये अट्रैक्टिव-यूनीक गिफ्ट्स

सजेशन

मनोज अग्निहोत्री

किसी भी खास अवसर पर हम गिफ्ट देकर अपने प्रिय को स्पेशल फील करा सकते हैं। आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप भी अपने पार्टनर को जरूर कोई प्यारा सा गिफ्ट देना चाहेंगे। गिफ्ट देते समय आपको अपने पार्टनर की पसंद के साथ ही उसके लुक, उसके यूज और उससे जुड़ी अपनी फीलिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। अगर आपको यह समझ नहीं आ रहा है कि ऐसा क्या दिया जाए जो आपके पार्टनर को तो पसंद आए ही उनके लिए उपयोगी भी हो, तो हम आपको ऐसे ही कुछ बेहतरीन और यूनीक गिफ्ट ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं। इनमें से किसी को भी आप अपने प्रियजन को दे सकते हैं और इस वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकते हैं।

**कस्टमाइज ज्वेलरी:** आप अपने पार्टनर को स्पेशल फील करवाने के लिए उनके नाम से कस्टमाइज करवाकर रिस्ट वॉच, इयर रिंग्स, कफलिंग्स, रिंग्स या लॉकेट वाली चेन आदि दे सकते हैं। कम दाम में भी ऐसे गिफ्ट्स मिल जाएंगे।



**फोटो एल्बम या फोटो कोलाज:** साथ बिताए पलों को और अपने पार्टनर के अलग-अलग फोटोज को आप बहुत खूबसूरत से फोटोफ्रेम में कैप्चर करके उन्हें प्रेजेंट कर सकते हैं। इसी तरह आप कई प्यारी सी तस्वीरों का कोलाज भी बनवा कर उनको गिफ्ट कर सकते हैं। यह यूनीक और अनमोल तोहफा आपके पार्टनर को जरूर पसंद आएगा।



**हैंड रिटेन लैटर:** मोबाइल और डिजिटल दुनिया के इस दौर में आप एक खूबसूरत से लैटर पैड पर अपने प्रिय के प्रति अपनी भावनाओं को कविता या पत्र के माध्यम से लिखकर सुंदर से लिफाफे में रखकर गिफ्ट कर सकते हैं। पेन और पेपर से व्यक्त की गईं आपकी भावनाएं आपके पार्टनर को अवश्य पसंद आएंगी। आपकी फीलिंग्स से भरे इन शब्दों को वे कभी नहीं भूल पाएंगे।

**होम मेड आइटम्स:** आप घर पर ही हार्ट शेप की कुकीज, केक्स, नानखटाई या चॉकलेट्स बनाकर उसे गिफ्ट पेपर में रैप करके भी गिफ्ट कर सकती हैं। बाजार की रेडीमेड वस्तुओं की जगह ये हैंडमेड आइटम्स आपके पार्टनर को आपके प्यार की ऊष्मा का अहसास कराएंगी।

**प्यारे से प्लांट्स:** यदि आपके पार्टनर नेचर लवर हैं, तो आप उनको जेड, एडेनियम, गुलाब, पाम या क्रोटन जैसे पौधों को सुंदर गमले में लगाकर गिफ्ट दे सकते हैं। जो आपके प्यार की ही भांति धीरे-धीरे बढ़ेगा। इन पौधों को जब भी आपका पार्टनर देखेगा, आपको याद किए बिना नहीं रह सकेगा।

**इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स:** अगर आपके पार्टनर टेक्नोलवर हैं तो उनको आप स्मार्ट वॉच, वायरलेस इयर फोंस, टैब या एयरफ्रायर जैसा होम एप्लाइंस भी गिफ्ट कर सकते हैं। गिफ्ट खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखें-

- गिफ्ट खरीदते समय अपने पार्टनर की उम्र और रुचि का अवश्य ध्यान रखें ताकि गिफ्ट उनके लिए उपयोगी रहे।
- पहले अपना बजट निर्धारित करें और उसी के अनुसार गिफ्ट का चयन करें।
- अकसर ऑफलाइन की अपेक्षा ऑनलाइन गिफ्ट आइटम्स में अधिक वैरायटीज और क्वालिटी मिल जाती हैं। आप अपने बजट के अनुसार वहां से भी गिफ्ट खरीद सकते हैं।
- गिफ्ट चाहे छोटे आकार का हो या बड़ा उसे गिफ्ट पेपर में अच्छी तरह रैप करके ही प्रेजेंट करें। इससे गिफ्ट की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप

### श्याम प्रभु का टोफियों की माला से किया शृंगार



**हिसार।** सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में श्याम प्रेमियों द्वारा श्याम बाबा का टोफियों से भव्य शृंगार करवाया गया। सुबह से ही बाबा के पावन दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। भक्तजन बाबा का सिंगार दर्शन के लिए उत्सुक नजर आए। मंदिर कमेटी के प्रधान दिनेश बिंदल एवं उप प्रधान त्रिलोक बंसल ने बताया कि मंदिर में चार दिवसीय फागुन मेला 25 से 28 फरवरी तक बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मेले के प्रथम दिन 25 फरवरी को बाबा का पूर्ण सिंगार ड्राई फ्रूट से किया जाएगा। 28 फरवरी द्वादशी के दिन बाबा का नए नोटों की मालाओ से लक्ष्मी सिंगार किया जाएगा। सिंगार मालाओ को बनाने के लिए विशेष रूप से कोलकाता से कारीगरों को बुलाया गया है।

### अंडरपास की मांग को लेकर धरना जारी

**उकलाना।** अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर चल रहा धरना सोमवार को 25वें दिन में प्रवेश कर गया। विभिन्न सामाजिक व जनसंगठनों का समर्थन धरना कमेटी को मिल रहा है और पूरे दिन अंडरपास की आवश्यकता व आंदोलन की आगामी रणनीति पर चर्चा चलती रही। धरना स्थल पर समर्थन देने पहुंचे धरना कमेटी के प्रधान कपूर सिंह ने कहा कि जब तक अंडरपास का निर्माण शुरू नहीं हो जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर बलजीत नंबरदार, रिंकू वर्मा, वरियाम सिंह, रघुवीर सिंह, मनजीत भुल्लर, गगनदीप, बलवान सिंह, हेमराज, कमल सिंगल सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

### गांव हंसनगर में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**बरवाला।** जनसेवार्थ ट्रस्ट द्वारा 16 वां साप्ताहिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर गांव हंसनगर में आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय समिति और गांव वालों के सहयोग से इस शिविर में 172 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं रक्त परीक्षण की सुविधाओं का लाभ उठाया। इस शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ संदीप वर्मा और महिला रोग विशेषज्ञ डा. एकता तथा फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मंदीप सिंह की उपस्थिति में नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर के दौरान कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, क्रिएटिनिन, पी.टी. तथा थायराइड सहित पांच आवश्यक रक्त जांच की गई।

### प्रीति व जतिन बने मिस और मिस्टर फेयरवेल

**हिसार।** अर्बन एस्टेट स्थित विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा बारहवीं के छात्रों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने अपने सीनियर्स कक्षा बारहवीं के छात्रों को विदाई दी। यह कार्यक्रम कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया जिसमें सीनियर छात्रों के सम्मान, स्नेह और उज्जवल भविष्य की कामनाओं का सुंदर संगम देखने को मिला। समारोह में मिस फेयरवेल प्रीति व मिस्टर फेयरवेल जतिन को चुना गया।

## समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनीं जनसमस्याएं

# सार्वजानिक शौचालय निर्माण में घोटाले का आरोप, डीडीपीओ को जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में सोमवार को नगराधीश हरिराम ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना। समाधान शिविर में गांव सातरोड के एक प्रार्थी द्वारा गांव में बन रहे सार्वजनिक शौचालय में सरपंच द्वारा किए गए घोटाले की शिकायत पर नगराधीश हरिराम ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। सेक्टर 9-11 निवासी राजेश सैनी द्वारा सेक्टर में पीने के पानी न मिलने की शिकायत पर नगराधीश ने एचएसवीपी अधिकारियों को समस्या के समाधान को लेकर उचित कार्रवाई करने की हिदायत दी। शास्त्री नगर निवासी अनिल कुमार द्वारा पड़ोसी के खाली प्लाट में अवैध निर्माण से उनके मकान को नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर नगराधीश हरिराम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच करने को कहा। समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते नगराधीश।



हांसी। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एसडीम राजेश खोथ।

### ढाणा कलां में निर्माणाधीन गली का लेवल चेक कर प्रस्तुत करें रिपोर्ट

**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में सोमवार को एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम ने शिविर जनसमस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों की शिकायतें सुनी तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। ढाणा कला गांव में निर्माणाधीन गली के लेवल को लेकर दी गई शिकायत पर एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर गली का लेवल चेक करने तथा उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं रेलवे फाटक के आसपास सीवरेज व्यवस्था को लेकर आई शिकायत पर एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौका मुआयना कर इस क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी व्यक्ति को कोइ असुविधा न हो। मिर्चपुर गांव में मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों में अनियमितता की शिकायत पर एसडीएम राजेश खोथ ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर 10 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## बच्चे को प्रारंभ में स्कूल भेजने से पहले करवाना चाहिए हवन



अग्रसेन भवन में आयोजित भक्तमाल कथा सुनते श्रद्धालु।

- अग्रसेन भवन में चल रही भक्तमाल कथा का नौवां दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



गोविंद की गली परिवार, श्रीधाम वृंदावन धाम एवं लाला लखीराम आदमपुरिया परिवार के तत्वाधान में अग्रसेन भवन में चल रही भक्तमाल कथा के नौवें दिन संत गौरदास महाराज ने चैतन्य महाप्रभु अर्थात गौरजी के चरित्र को आगे बढ़ाते हुए बताया कि सनातन धर्म के जो चार मुख्य संप्रदाय हैं, उन सभी में गुरुजी अपने शिष्यों को जब दिशा देते हैं, दीक्षा देते हैं तब पहले नाम दीक्षा उसके बाद मंत्र दीक्षा देते हैं। संत गौरदास महाराज ने बताया कि हम सब को 16 संस्कार जरूर पूरे करने चाहिए। इसमें नाम संस्कार के बाद जब बच्चा शुरू में स्कूल जाता है तो प्रतिपदा के दिन बच्चों को स्कूल कभी नहीं भेजना चाहिए, जो उस दिन स्कूल गया वो जीवन भर पढ़ नहीं पाएगा। स्कूल जाने से पहले घर के किसी बड़े सदस्य या ब्राह्मण से पहले मां सरस्वती का पूजन करवाना चाहिए। फिर बच्चे को किताब, कॉपी, तख्ती आदि को प्रणाम करके स्कूल जाना चाहिए। संत गौरदास महाराज ने चैतन्य महाप्रभु से जुड़े अनेक प्रसंग सुनाकर उनकी भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट भक्ति का उल्लेख किया।

# श्रीमद् भागवत महापुराण कलयुग में एक कल्पवृक्ष : साध्वी करुणागिरि

- श्री प्रयाग गिरि शिवालय ट्रस्ट में श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग।

श्री प्रयाग गिरि शिवालय ट्रस्ट में श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर महामंडलेश्वर साध्वी करुणा गिरि ने अपने मुखारविंद से कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण मनुष्य के जीवन को मंगलमय बनाती है। श्रीमद् भागवत महापुराण कलयुग में एक कल्पवृक्ष है। श्रीमद् महापुराण एक अमृतमयी सागर है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण मनुष्य के हृदय से अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर उसे भक्ति, ज्ञान और मोक्ष की राह दिखाता है। भागवत कथा का श्रवण करने से आध्यात्मिक विकास होता है, पापों का नाश होता है और आत्मा का परमात्मा से मिलन सुगम हो जाता है, जो जीवन के तीनों तापों (आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक) को नष्ट कर परम सुख प्रदान करता है। कथा में शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग ने आए हुए विशेष अतिथि अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, रामलीला कमेटी के प्रधान विनोद गुप्ता, पूर्व प्रधान वीर भान बंसल, गांधी चौक मंदिर के प्रधान रमेश लोहिया, पंजाबी कल्याण मंच के प्रधान इंद्र शर्मा, समाजसेवी विनोद ठकराल, जय गोपाल गेरा, मुकेश गेरा, प्रवीण जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नारायण दास बंसल, सुरेश सिंगला, जगत नारायण, रमेश तहसीलदार, ओम प्रकाश असीजा, कृष्णा बागड़ी, राजेंद्र बंसल, पवन गोयल प्रतिनिधि मौजूद थे।

### जीवन में निरंतर सेवा भावना अपनाएं स्वयंसेवक

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय, नलवा में आयोजित सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन की अध्यक्षता में हुआ। इस विशेष शिविर में एनएसएस के 50 स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।
स्वयंसेवकों ने ग्राम नलवा में रैलियों, स्वच्छता अभियान, योग-खेल गतिविधियों, डिजिटल साक्षरता, वृद्धजनों से संवाद तथा सामाजिक विषयों पर कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।
समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में 'मैं नहीं, आप' की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना को सशक्त करते हैं, जो केवल कक्षा शिक्षण से संभव नहीं है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में ग्राम नलवा के सरपंच सुशील कौशिक उपस्थित रहे। यह सात दिवसीय विशेष शिविर एनएसएस नोडल अधिकारी प्रो. राजीव कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. सुनीता, डॉ. नेहा रानी, प्रदीप एवं डॉ. राकेश सहित महाविद्यालय स्टाफ सदस्य व अन्य उपस्थित रहे।



हिसार। एनएसएस टीम के साथ प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन व सरपंच सुशील कौशिक।



### पुलिस व जनता का आपसी सहयोग जरूरी : एसपी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने सोमवार को अपने कार्यालय में हांसी क्षेत्र के ग्राम सरपंचों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा गांव स्तर पर शांति एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस और जनता का आपसी सहयोग एवं विश्वास अत्यंत आवश्यक है। गांवों में अपराध रोकथाम, नशा मुक्त अभियान तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए जनभागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने सभी सरपंचों से कहा कि वे अपने-अपने गांवों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें तथा समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि यदि गांव में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, बाहरी व्यक्तियों की संदिग्ध आवाजाही अथवा किसी अवैध कार्य की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करना चाहिए।

### सेंट कबीर स्कूल में रॉकस्पोर्ट एडवेंचर कैंप लगाया

**हिसार।** सेंट कबीर विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बच्चों ने बहुत उत्साह और खुशी के साथ भाग लिया। कैंप में जिपलाइन, जोर्ब रोलर, कैटरपिलर रेस तथा ऑस्ट्रेलियन ट्रॉली जैसी अनेक साहसिक गतिविधियाँ करवाई गईं, जिनका उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कुछ नया सिखाना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना और मिल-जुलकर काम करने की भावना उत्पन्न करना था।पढ़ाई के नियमित शैक्षणिक कार्यक्रम से हटकर बच्चों को मनोरंजन और आनंद का अवसर मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरू महतानी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी होती हैं।



### इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ साइंस में हरिओम ने किया शानदार प्रदर्शन



**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 9वीं के मेधावी छात्र हरिओम ने सिल्वर ज़ोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ साइंस में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हरिओम ने 100 में से 97 अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, गहन अध्ययन और निरंतर परिश्रम का शानदार परिचय दिया। हरिओम ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर स्टेट रैंक 3 प्राप्त की, जोकि पूरे प्रदेश में उनकी श्रेष्ठता को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने विद्यालय स्तर पर स्कूल रैंक 01 हासिल कर अपने विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा किया। उल्लेखनीय है कि हरिओम इसी वर्ष माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलने वाले होली चाइल्ड के दल का हिस्सा भी रहे हैं। विद्यालय के एम.डी. आरएस सिंधु ने हरिओम को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को व्यापक मंच पर प्रदर्शित कर सकें। विद्यालय की प्राचार्या अनीता पन्नू दलाल ने भी छात्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# कृषक, श्रमिक और व्यापारी सहित प्रत्येक वर्ग के हितों के लिए बजट में विशेष योजनाएं : डॉ. गुप्ता

- जिला बजट टोली द्वारा व्यापारी एवं उद्योग संवाद आयोजित, डॉ. कमल गुप्ता व डॉ. आशा खेदड़ ने बजट को बताया कल्याणकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जिला बजट टोली द्वारा आयोजित विशाल गोष्ठी में उपस्थित वक्ता व शहरवासी।

केंद्रीय बजट पर आधारित व्यापारी बजट गोष्ठी में व्यापारियों व विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। जिला बजट टोली द्वारा देवी भवन के गोयंका सदन में आयोजित व्यापारी एवं उद्योग संवाद में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्य वक्ता रहे।

गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा की जिला अध्यक्ष डॉ. आशा रानी खेदड़ ने की। इस अवसर पर जिला बजट टोली के संयोजक अशोक मित्तल, भाजपा जिला महामंत्री आशीष जोशी, सिटी मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, बजट टोली सिटी मंडल के संयोजक अरुण जैन, जिला बजट टोली के सह संयोजक सुरेंद्र लाहौरिया एवं अर्बन मंडल व सब्जी मंडी मंडल की तरफ से राहुल सैनी व लोकेश असीजा उपस्थित रहे। इस दौरान सुरेंद्र लाहौरिया ने मंच संचालन किया। गोष्ठी में डॉ. कमल गुप्ता ने बजट के विकासपरक पहलुओं को बड़ी सरलता से उजागर किया। उ

न्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को बारीकी से समझाया। कृषक, श्रमिक व व्यापारी को सरकार द्वारा दी गई रियायतों एवं 2047 के रोडमैप को उन्होंने स्पष्ट किया। इसके साथ ही देश को विकास की राह पर अग्रसर करने के लिए बजट के दौरान की गई घोषणाओं का भी उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया।

### भाजपा युवा मोर्चा ने केंद्रीय बजट पर किया युवा सम्मेलन

**हिसार।** भाजयुमो की जिला इकाई की ओर से केंद्रीय बजट 2026 के विषय पर आयोजित 'युवा सम्मेलन' कुलेरी गांव में किया गया। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने केंद्रीय बजट 2026 में युवाओं के लिए किए गए प्रावधानों रोजगार सृजन, स्टार्टअप प्रोत्साहन, कौशल विकास, शिक्षा सुधार एवं स्वरोजगार योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है।



### गणित विज्ञान की आधारशिला : प्रो. काम्बोज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा इनसाइटस, इन्नोवेशन एंड इंटरैक्टिव लर्निंग विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि एवं संयुक्त राष्ट्र सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय में सलाहकार डॉ. रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी व मुख्य वक्ता की धर्मपत्नी रश्मि जालान उपस्थित रहीं।



हिसार। विवेकानंद स्कूल में बैठक करते समाज के विभिन्न वर्ग के लोग।

### घूसखोर पंडित फिल्म पर तुरंत रोक लगाने की मांग

**हिसार।** विभिन्न वर्ग के लोगों की विवेकानंद हाई स्कूल में हुई बैठक में घूसखोर पंडित टाइटल से बनी फिल्म पर गुस्सा जताते हुए केंद्र सरकार ने सेंसर बोर्ड के खिलाफ कार्रवाई करने व इस फिल्म पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है। भगवान परशुराम जन सेवा समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कहा गया कि ब्राह्मण समाज से जुड़े लोग, हर वर्गों के जन्म-मरण व हर मांगलिक कार्यों को सिरे चढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। ब्राह्मण के बिना किसी भी तरह का कार्य अधूरा है। इतने सम्मानीय समाज के नाम पर घूसखोर जैसे अशोभीनीय शब्द का प्रयोग करना और उस पर फिल्म बनाना घोर पाप करने के समान है। इसके पीछे फिल्म बनाने वालों की घटिया मानसिकता प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि समाज में इस तरह का जहर घोलने वालने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा, पंचनद स्मारक ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष विजय ढल, अशोक शर्मा, गुलजार काहलो, बलवंत शर्मा, पूर्व पार्षद पंकज दिवान, नरेश शर्मा, राममेहर शास्त्री, धर्मपाल शर्मा, राजेश भारद्वाज, बलवान शर्मा आदि ने केंद्र सरकार से फिल्म को पास करने का सर्टिफिकेट देने वाले सेंसर बोर्ड के खिलाफ भी उचित कदम उठाने व फिल्म पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है।

# भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर: प्रो. नरसी बिश्नोई

- 'मात्रात्मक अर्थशास्त्र एवं सामाजिक विज्ञानों में इसके अनुप्रयोग' विषय पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि भारत एक विकासशील से विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत/2047 का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब हमारी योजनाएं साक्ष्य आधारित होंगी। ऐसे में मात्रात्मक अर्थशास्त्र और सांख्यिकीय विश्लेषण की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के सौजन्य से 'मात्रात्मक अर्थशास्त्र एवं सामाजिक विज्ञानों में इसके अनुप्रयोग' विषय पर हो रही कार्यशाला के ऑफलाइन मोड के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। आईआईटी दिल्ली के प्रो. अंकुश अग्रवाल समारोह के मुख्य वक्ता रहे, जबकि अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. अश्वनी कुमार ने की। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डा. सुनील कुमार, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एनके बिश्नोई व कार्यशाला के समन्वयक डा. सोमनाथ उपस्थित रहे।

### हर शनिवार-रविवार को कोलेस्ट्रॉल व शुगर जांच फ्री

**हिसार।** सेक्टर -13 स्थित टाटा वनएमजी लैब द्वारा दो दिवसीय फ्री हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक आम नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। लैब संचालक परमवीर न्योलिया ने बताया कि शिविर में 25 से 40 वर्ष के नागरिकों का हाई कोलेस्ट्रॉल व 40 से अधिक की आयु वाले नागरिकों को शुगर की समस्या अधिक मिली। उन्होंने बताया कि हाई कोलेस्ट्रॉल हार्ट अटैक का बुलावा है। इसे नियंत्रित करने के लिए प्रतिदिन 30 से 45 मिनट व्यायाम व फाइबर युक्त आहार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हाई कोलेस्ट्रॉल व शुगर मरीजों की संख्या को देखते हुए लैब द्वारा सेक्टर-13 की लैब पर प्रत्येक शनिवार व रविवार को कोलेस्ट्रॉल व शुगर की फ्री जांच करने का निर्णय लिया गया है। आम नागरिक फ्री जांच का फायदा उठाकर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकेंगे।




हिसार। फ्री हेल्थ चेकअप शिविर में रक्त जांच करते कर्मचारी।

**सूचना**

मैं, रामरती पत्नी स्वर्गीय माईसुख निवासी गांव जमावड़ी तहसील व जिला हांसी बयान करती हूं कि मेरा लड़का विजेन्द्र सिंह और उसकी पत्नी कविता पिछले 6 साल से मुझसे अलग रह रहे हैं तथा मेरे कहने सुनने से बाहर हैं इसलिए मैं उन्हें अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद विजेन्द्र सिंह व कविता से मेरा कोई संबंध नहीं रहा है। इनके साथ लेन-देन व व्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, बिट्टू चरण पुत्र मामन राम निवासी हनुमान कालोनी, वार्ड नं 6 तहसील व जिला हांसी बयान करता हूं कि मेरा लड़का विक्रम और उसकी पत्नी काजल मेरे कहने सुनने से बाहर हैं इसलिए मैं उन्हें अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद विक्रम व काजल से मेरा कोई संबंध नहीं रहा है। इनके साथ लेन-देन व व्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

### गुजवि के वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के भौतिकी संघ ने वर्ष 2026 के वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया। इसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी शारीरिक क्षमताओं, अनुशासन और टीम भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संदेश में समस्त विजेताओं तथा प्रतिभागियों को बधाई दी।

### आठ दिवसीय दांतों का फ्री चेकअप कैंप शुरू

**हिसार।** सेक्टर 14 में इंकम टैक्स कार्यालय के नजदीक स्थित बंसल स्माईलिंग टूथ डेंटल केयर में आठ दिवसीय निःशुल्क दांतों के कैम्प का शुभारंभ किया गया। अपने दादा लाला रामेश्वर दास बंसल (चिकनवास वाले) की 11वीं पुण्य स्मृति में लगाए गए कैम्प के पहले दिन दंत चिकित्सक राहुल बंसल ने अनेक रोगियों की निःशुल्क जांच करके हर सुविधा का लाभ दिया। इस अवसर पर छोटूराम बंसल, इन्द्र बंसल, मदन बंसल के अलावा अनेक लोग उपस्थित रहे।

### सर्व कर्मचारी संघ की टीम ने पब्लिक हेल्थ विभाग में की गेट मीटिंग

**हिसार।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ का जत्था सोमवार को जन स्वास्थ्य विभाग में पहुंचा और गेट मीटिंग के माध्यम से कर्मचारियों से संपर्क साधा। गेट मीटिंग की अध्यक्षता कार्यवाहक ब्रांच प्रधान अशोक शर्मा ने की तथा संचालन विकास गोस्वामी ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जत्थे में शामिल राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, राजेश बागड़ी, अजय कुमार, अशोक सैनी, सुनील लाडवा, नूर मोहमद व बिशन आदि ने बताया केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार कर्मचारियों व आम जनता के हितों पर कुठाराघात कर रही है। गेट मीटिंग को नरेश गौतम, ओम प्रकाश माल, सुरेंद्र चहल, दीपक शर्मा, सतीश कुमार, बृजलाल, नरेश अग्रोहा, सुमित आदि ने भी संबोधित किया।

विद्युत सदन में की सांकेतिक भूख हड़ताल

# बिजली कर्मियों ने ऑनलाइन तबादला नीति का किया विरोध



**हिसार।** सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे राज्य कमेटी। *फोटो: हरिभूमि*

## यह नीति न कर्मचारी हित में, न उपभोक्ता हित में

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध तथा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने को लेकर सोमवार ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन ने हिसार जोन स्तर पर मुख्य अभियंता संचालन के कार्यालय के समक्ष सांकेतिक भूख हड़ताल की। धरने की अध्यक्षता चीफ कमेटी इंचार्ज राज्य उपप्रधान जगमिंद्र पूनिया ने की। धरने का संचालन प्रेस सचिव सुखदेव ने किया। सांकेतिक भूख हड़ताल को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य चेयरमैन देवेंद्र हुडडा व राज्य प्रधान सुरेश राठी ने बताया कि बिजली मैनेजमेंट बिजली निगम में ऑनलाइन तबादला नीति जबरदस्ती लागू करने जा रही है जो न कर्मचारियों के हित में है न उपभोक्ता के हित में है।

इस नीति के लागू होने से तकनीकी कर्मचारी रोजाना दुर्घटनाग्रस्त होंगे जिसे जानमाल का बड़ा नुकसान होगा। धरने पर लोकेश कुमार, संजीव ढांडा, सुबेसिंह कादियान, अशोक नेहरा, दिलीप सोनी, राजेश सांगवान, अशोक गोयत, बाबूलाल, राजेश भाकर, पूनम कुंडू, ओमप्रकाश वर्मा, नूर मोहम्मद, नरेश गोतम, विजय जांगड़ा, धर्मबीर भाटी आदि मौजूद रहे।

### 12 की हड़ताल में करेंगे शिरकत

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव व जिला प्रधान अशोक सैनी व जिला सचिव ओमप्रकाश माल ने कहा कि आने वाली 12 फ़रवरी को सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे हरियाणा का कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शिरकत करेगा, जिसमें आंदोलनों को दिशा देने वाले बिजली के कर्मचारी नए श्रम कानूनों पर विरोध दर्ज करवाएंगे। उन्होंने कहा कि बिजली निगम मैनेजमेंट में ऑनलाइन तबादला नीति को नहीं रोका तो राष्ट्रीय हड़ताल के बाद बिजली यूनिट इससे बड़ा फैसला लेगी जिसके पूर्ण तहसील निगम मैनेजमेंट की होगी।

# ढंढूर प्रोसेसिंग प्लांट का किया निरीक्षण

- निरीक्षण उपरांत एसएसओ ने अधिक से अधिक मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाली खाद तैयार करने के निर्देश दिए



**हिसार।** ढंढूर प्लांट का निरीक्षण करते विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

विशेष स्वच्छता अधिकारी (एसएसओ) हरबीर सिंह ने ढंढूर स्थित प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट में तैयार की जा रही कम्पोस्टिंग व्यवस्था का जायजा लिया और वहां कार्यरत कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल कचरे का निस्तारण करना ही नहीं, बल्कि उससे उपयोगी संसाधन तैयार करना भी है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कर्मचारियों को अधिक से अधिक मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाली खाद तैयार करने के निर्देश दिए।

हरबीर सिंह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि खाद निर्माण की प्रक्रिया में बायो कचरे का नियमित और सही तरीके से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि जैविक कचरे के उचित प्रयोग से न केवल खाद की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि खाद तैयार करते समय पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को भी कम किया जा सकेगा। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्लांट परिसर में स्वच्छता बनी रहे और किसी प्रकार की दुर्गंध या प्रदूषण की समस्या उत्पन्न न हो।

### अनुबंधित कर्मचारी सहकारी बैंक यूनियन ने सीएम को ज्ञापन सौंपा

**हिसार।** सेवा सुरक्षा कानून को केंद्रीय सहकारी बैंकों में लागू करवाने के लिए अनुबन्धित कर्मचारी सहकारी बैंक यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में हिसार यूनियन के प्रधान नरेंद्र गुराना, सुखपाल खेड़ी जालब, विकास सरसोद, प्रदेश सचिव संदीप उचाना शामिल थे। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांग रखी और जल्द इस संदर्भ में कार्यवाही का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने यूनियन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि मांगों को जल्द ही पूरा किया जाएगा।

# जय कुमार शर्मा ने गोल्ड और दो रजत पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



जय कुमार शर्मा।

राजस्थान के अलवर में आयोजित 21वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेला ग्रांउड सेक्टर 21 निवासी एवं अंतरराष्ट्रीय धावक जय कुमार शर्मा शानदार ने प्रदर्शन किया है। अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 63 वर्षीय जय कुमार शर्मा ने अपने आयु वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, 200 और 400 मीटर दौड़ में दो सिल्वर मेडल अपने नाम करके यह साबित कर दिया है कि जज्बा उम्र का मोहताज नहीं होता है। कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास, जोश और जुनून से हर मंजिल पाई जा सकती है। उम्र तो केवल एक कैलेंडर का आंकड़ा है। किसी भी उम्र में खेल शुरू किया जा सकते हैं।

# गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले कैडेट्स का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** कैडेट्स को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी व अन्य।

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी एयर विंग यूनिट के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस परेड, नई दिल्ली तथा ऑल इंडिया वायु सैनिक प्रतियोगिता, बेंगलुरु में भाग लेकर महाविद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन करने वाले कैडेट्स के सम्मान में फेलिसिटेशन एवं वेलकम सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी एयर विंग के प्रभारी फ्लाइंग ऑफिसर गोविल जिंदल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कर्तव्य पथ पर ऐतिहासिक मार्च पास्ट में सहभागिता करने वाले कैडेट प्रीत इंसां तथा ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कैडेट तन्वी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त ऑल इंडिया वायु सैनिक प्रतियोगिता, बेंगलुरु में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट सार्जेंट पुलकेश एवं कैडेट प्रवीन को भी प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बलवान सिंह प्रधान व मनजीत बने सचिव

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन जिला कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** यूनियन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी शपथ ग्रहण करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन जिला हिसार का त्रिवार्षिक सम्मेलन बीएंडआर रेस्ट हाऊस में हुआ। सम्मेलन में संगठन की नई जिला कार्यकारिणी का चुनाव करवाया। इसमें चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में राज्य प्रधान ईश्वर शर्मा व राज्य प्रचार सचिव सरजीत खेड़ा उपस्थित रहे। इस दौरान राज्य कोषाध्यक्ष भगवान अहलावत, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश पुनिया, राज्य मुख्य सलाहकार सज्जन भारद्वाज, राज्य संगठन सचिव हरिकेश शर्मा, राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सैन व गुरुग्राम जिला कोषाध्यक्ष संजय सैन सहित जिला के सभी ब्रांचों के प्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### सर्वसम्मति से किया गया चयन

सम्मेलन में जिला कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। इसमें बलवान सिंह कालीरावणा जिला प्रधान, मनजीत सिहाग जिला सचिव, बबलू शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, राजकुमार पुनिया जिला उपप्रधान, नसीब जिला कार्यालय सचिव व मुकेश कुमार को जिला प्रेस सचिव चुने गए। उल्लेखनीय है कि बलवान सिंह कालीरावणा 13वीं बार जिला प्रधान चुने गए हैं।

# महिलाओं को आगे बढ़ाएगा बजट

- भाजपा प्रदेश उपाअध्यक्ष सुनीता डांगी ने नारनौंद में महिला संवाद कार्यक्रम में किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद



**नारनौंद।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करती भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनीता डांगी व अन्य।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट किया है। उसमें महिलाओं को आगे बढ़ाकर उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए सी मार्ट खोले जाएंगे। उक्त शब्द भाजपा प्रदेश उपाअध्यक्ष सुनीता डांगी ने नारनौंद के भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट महिला संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहें। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन, महिला जिला अध्यक्ष नीलम जांगड़ा, जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, चेयरमैन उदय सिंह लोहान भी मौजूद थे।

### आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक ऐसी योजनाएं लाई गई है। महिला अपने पैरों पर खुद खड़ी हो सकें। इसके लिए सी मार्ट खोले जाएंगे। जो कामकाजी महिला है उनके लिए प्रत्येक जिले में रहने के लिए हॉस्टल बनाए जाएंगे और वहां पर रहने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। जो योजना पहले चलाई गई थी जैसे ड्रोन दीदी, लखपति दीदी सहित सभी योजनाएं आगे भी जारी रहेगी। रसोई की वस्तुएं भी सस्ते रेटों पर मिलेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, जयबीर माजरा, सुरेश एमसी, कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, सरला नाड़ा, अंग्रेजों, पप्पू सिसाय, अफसाना कोथ आदि मौजूद थे।

# गोशाला में लगे शिविर में 150 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

गोरक्षा सेवा समिति ने किया शिविर का आयोजन

अग्रोहा रोड स्थित श्री गोरक्षा सेवा समिति, गऊशाला में सोमवार को फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन पंडित त्रिलोक दत्त शर्मा के सान्निध्य में किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधान त्रिलोक शर्मा ने बताया कि कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके तनेजा व डा. विजय कुमार शर्मा ने अपनी सेवाएं दी। कैंप में हृदय, छाती, हड्डियों व फेफड़ों तथा बीपी की जांच की जाएगी। कैंप में करीब 150 लोगों की जांच की गई। कैंप के आयोजन में युपेंद्र कुमार, मोहम्मद असद, अंजनी, खुशबू, आरती, अक्षय, अभिषेक व प्रिंस ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर विनोद बंसल, जीवन कुमार, पूर्व पार्षद सुंदर गोयल, नरेश गर्ग, मुरली, विनोद कुमार व रोहताश आदि भी उपस्थित रहे।



कैंप में स्वास्थ्य जांच करवाते ग्रामीण।

# राहुल को चुना गया श्रेष्ठ स्वयंसेवक

- धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर वातावरण को स्वच्छ करें: पंकज गोयत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद




**नारनौंद।** विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य पंकज गोयत अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद की एनएसएस इकाई द्वारा गांव राखी शाहपुर में आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन सोमवार को हुआ।

कार्यक्रम के समापन समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पंकज गोयत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। एनएसएस प्रभारी कुमारी सुमन ने शिविर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस शिविर में बीए प्रथम वर्ष के छात्र राहुल को श्रेष्ठ पुरुष स्वयंसेवक चुना गया तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सोनू को श्रेष्ठ महिला स्वयंसेवक चुना गया। छात्रा सपना तथा उसके ग्रुप को श्रेष्ठ ग्रुप चुना गया। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन पौधरोपण द्वारा किया गया।

### ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे

गोयत ने बताया कि आज धरती पर पेड़ों की संख्या लगातार कम होती जा रही है और हम सबको धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे। तभी हमारा वातावरण प्रदूषित होने से बचेगा। इस अवसर पर हरदीप, सुखदेव तथा सनी आदि उपस्थित रहे।

उत्सव | बास्केटबॉल के ओपन ग्राउंड में होगा कार्यक्रम, विद्यार्थियों में भारी उत्साह

# हकृवि में अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव आज से, तैयारियां पूरीं

- सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




**हिसार।** हकृवि का स्वर्ण जयंती द्वार। *फोटो: हरिभूमि*

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बास्केटबॉल ग्राउंड में 10 व 11 फरवरी को अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो दिवसीय इस युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष 'उत्सव' के आयोजन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है। इसको लेकर विद्यार्थियों में उत्साह है। महोत्सव के दौरान संगीत, नृत्य, नाटक, वाद-विवाद, कविता-पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### 8 कॉलेजों के विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा

अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव में हकृवि के आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन महाविद्यालयों में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल व बावल, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस व कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस शामिल हैं।

# कैबिनेट मंत्री ने एचएसवीपी व नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली



**हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने स्थानीय मिल गेट के समीप रामनगर क्षेत्र के पुराने रास्ते को लेकर चल रहे मामले पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित को ध्यान में रखते हुए रास्ते की समस्या का शीघ्र और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। कैबिनेट मंत्री ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कानूनी एवं तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा करने तथा मौके पर निरीक्षण कर स्थिति के अनुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# स्वयंसेवकों ने स्वच्छता रैली निकाली और सफाई अभियान भी चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** सफाई अभियान में हिस्सा लेते छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जागरूकता के भाव के साथ किया गया। मीडिया प्रभारी प्रो. मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दूसरे दिवस की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा प्रातःकाल योग एवं प्राणायाम अभ्यास से हुई। प्रातः सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. कुमारी सरोज एवं प्रो. सुनील कुमार के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने पटेल नगर बस्ती में स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा सब्जी मंडी क्षेत्र एवं शिव मंदिर परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर डॉ. राकेश चराया ने स्वदेशी विषय पर अपने प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पाद अपनाने तथा शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर होने का आह्वान किया।